**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेण्ड्री विद्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश-कार्य सत्र २०२५-२०२६ विषय-हिन्दी(भाग-१) कक्षा-पाँच(५)**

**प्रश्न-१- निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

राजा के दरबार में एक व्यापारी संदूक के साथ पहुंचा। उसने गर्व से कहा, 'महाराज, मैं व्यापारी हूँ और बिना बीज एवं पानी के पेड़ उगाता हूं। आपके लिए में एक अद्भुत उपहार लाया हूँ, लेकिन आपके दरबार में एक-से-एक ज्ञानी-ध्यानी हैं, इसलिए पहले मुझे कोई यह बताए कि इस संदूक में क्या है? अगर बता देगा तो आपके यहाँ चाकरी करने को तैयार हूँ।' सभासद पंडितों, पुरोहितों और ज्योतिषियों की ओर देखने लगे, लेकिन उन लोगों ने सिर झुका लिए। सभा में गोनू झा भी उपस्थित थे। उन्हें उसकी चुनौती स्वीकार करना आवश्यक लगा, अन्यथा दरबार की जग-हँसाई होती। गोनू झा ने विश्वासपूर्वक कहा, 'मैं बता सकता हूँ कि संदूक में क्या है, लेकिन इसके लिए मुझे रातभर का समय चाहिए और व्यापारी को संदूक के साथ मेरे यहाँ ठहरना होगा। संदूक बदला न जाए, इसकी निगरानी के लिए हम रातभर जगे रहेंगे और व्यापारी चाहे तो पहरेदार भी रखवा सकते हैं।'

(क)राजा के दरबार में व्यापारी क्या लेकर पहुँचा? (ख) व्यापारी ने महाराज से क्या कहा?

(ग) गोनू झा ने विश्वास पूर्वक क्या कहा? (घ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ड.) गद्यांश को पढ़कर १० कठिन शब्द लिखकर अभ्यास करें।

**प्रश्न २**. आपने अपनी **"गर्मी की छुट्टियाँ कैसे बिताई"** बताते हुए एक अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न ३.** मामा जी के विवाह हेतु अवकाश के लिए अपने प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्रश्न ४. नीचे दिये शब्दों के विलोम शब्द लिखिए** - प्रेम, धनवान, मधुर, दल. प्रातः, स्वाधीन, आयात, रहम, निंदा, सुपुत्र

**प्रश्न ५. नीचे दिये गए अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखो -** अमृत, स्वर, घोड़ा, पत्र, हल, कर, तीर, ताल, अंक, पद

**प्रश्न ६. नीचे दिये शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए-** बिजली, पृथ्वी, सुबह, कपडा, अग्नि, संसार, असुर, नदी, शरीर, पत्नी

**प्रश्न ७ नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

जो पढ़ना लिखना जानता है, जिसका कोई आकार न हो, आकाश में विचरण करने वाला, जिसके हृदय में दया न हो, जो अपनी ओर खींचे, जिसके संतान न हो, जो दूर की सोचे, जो सब कुछ जानता हो, जो मीठी वाणी बोलता हो, जानने की इच्छा रखने वाला

**प्रश्न ८. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :-**

आकाश से बातें करना, घी के दिये जलाना, पीठ थपथपाना, भीगी बिल्ली बनना, बाल बाँका न होना

**प्रश्न ९**. हिन्दी (भारतीय) महीनों के नाम याद करें व लिखें।

**प्रश्न १०. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए-** असुर, पिंजड़ा, होशियार, यकीन, बोरसी, प्रणाम, स्वार्थ, शतदल, ख्याति, धरोहर

**प्रश्न ११.** पाठ – **'राख़ की रस्सी'** का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

**प्रश्न १२. नीचे दिए गए प्रत्येक शब्द के पांच - पांच वाक्य बनाएं।**

खिलौनेवाला, गुडिया, रस्सी, भोलाभाला, तिलकुट, प्रांतो, खूबसूरत, शामियाना

**प्रश्न १३.** प्रतिदिन 10 कठिन शब्द अपनी रिमझिम व तारिणी पुस्तक से छांटकर अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १४**. प्रतिदिन एक पृष्ठ सुलेख अपनी अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १५.** प्रतिदिन हिंदी अखबार पढ़ें व उसमें से (आ से अः)एक मात्रा के 10 शब्द छांट कर अवकाश पुस्तिका में लिखें।

* रोल न. 1 से 5 तक कविता खिलौनेवाला , रोल न. 6 से 10 तक कविता -पुत्र का प्रण चार्ट पेपर पर चित्र सहित बनाएं।

* हिंदी साहित्य / व्याकरण पुस्तिका व पुस्तक में कराया गया समस्त कार्य याद करें व रफ कॉपी में लिखकर अभ्यास करें।

**प्रश्न १६.** कविता **"खिलौनेवाला" या "पुत्र का प्रण"** लिखिए तथा १२ पंक्तियाँ याद भी कीजिए।

**प्रश्न १७. 'रहीम दास जी'** के ५ दोहे व ५ सुविचार अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १८.** गर्मी की छुट्टियों में आप जहां घूमने गए वहां के नाम लिखें और वहां के प्रसिद्ध व्यंजनों के नाम लिखिए।

**प्रश्न १९.** अपनी मनपसंद पांच कहानियां पढ़ें व उनका सार संक्षेप में अवकाश पुस्तिका में लिखें साथ ही उनसे मिली शिक्षा भी लिखें।

**प्रश्न २०**. रोज घर के सदस्यों की मदद करें व उनके लिए किए गए कार्य की सूची अपनी अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न २१.** फ़सल के त्योहार पर **'तिल '** का बहुत महत्व होता है। तिल का किन किन रूपों में प्रयोग किया जाता है? पता करके लिखिए।

**प्रश्न २२ 'जौ'** एक प्रकार का अनाज है जिसे कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है। इसकी रोटी बनाई जाती है, सत्तू बनाया जाता है और सूखा भूनकर भी खाया जाता है। इसी प्रकार कुछ और अनाजों के नाम पता करके सूची बनाइये।

**प्रश्न २३. दिये गए विषयों में से किसी एक विषय का चार्ट बनाएं-**

कबीरदास जी के या तुलसीदास जी के दोहे , मुहावरे, ऋतुओं के नाम

**नोट:-दिया गया ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य एक अलग पुस्तिका में करें।**

**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेण्ड्री विद्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश-कार्य सत्र-२०२५-२०२६ विषयःहिन्दी (भाग-२) कक्षा-पाँच (५)**

**प्रश्न-१- निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

उडीसा राज्य के सिम्प्लीपाल टाइगर रिजर्व में पच्चीस हाथियों का झुंड रहता था। इस झुंड में कुछ धूई भी थीं। जिन हथिनियों के साथ दुधमुँहे बच्चे हों उन्हें धूई कहते हैं। दाँव लगे तो हाथी के छोटे बच्चे को शेर मार लेता है। झुंड के बड़े दतैल और बड़ी हथिनियाँ बच्चों की रक्षा करती हैं। सर्दियों में जब घास कम हो जाती है तो हाथियों के बड़े झुंड को जंगल के एक खंड में काफ़ी खाना नहीं मिलता। वे छोटी टोलियों में बँटकर अलग-अलग वनखंडों में चरने चले जाते हैं।1988 के दिसंबर महीने का पहला सप्ताह गुज़र रहा था। उन दिनों सिम्प्लीपाल जंगलों के हाथी दो टोलियों में बँट कर बाराकमारा-तिनाधिया सड़क के साथ चौड़े में चर रहे थे।एक धुई दो साल का बच्चा था। झुंड में सबसे छोटा यही था। वह माँ का दूध चूँघता था। इस बच्चे ने जंगल की घास-पत्ती को मुँह लगाना शुरू कर दिया था

(क) सिम्प्लीपाल टाइगर रिजर्व कहाँ स्थित है ? (ख) धुई किसे कहते हैं ? (ग) हाथी के बच्चे की रक्षा कौन करती हैं?

(घ) इन जंगलों के हाथी दो टोलियों में बँटकर कहाँ चर रहे थे ? (ड.) गद्यांश को पढ़कर १० कठिन शब्द लिखकर अभ्यास करें।

**प्रश्न २.** आपने अपनी **"गर्मी की छुट्टियाँ कैसे बिताई"** बताते हुए एक अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न ३** विद्यालय में पहचान पत्र खो जाने पर अपने प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**प्रश्न ४. नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-** आदान, स्वाधीन, निंदा, स्वदेश, सज्जन, पाप, विस्तृत, बालिग, बंधन, ज्ञानी

**प्रश्न ५. नीचे दिये गए अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए-** श्री, सूत, घोड़ा, मंगल, पानी, सुधा, विधि, हल, पत्र, काल

**प्रश्न ६. नीचे दिये शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए –**

हाथी, पुष्प, ईश्वर, तलवार, समुद्र, दिन, किनारा, तलवार, शरीर, आकाश

**प्रश्न ७. नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

जो ईश्वर को नहीं मानता है, जिसका कोई आकार न हो, जो कम खाता हो, जो शाक-सब्ज़ी खाता हो, आदर देने योग्य, जिसके माता-पिता न हों, गाँव में रहने वाला, पढ़ने वाला, जो सब कुछ जानता हो, रात्रि में विचरण करने वाला

**प्रश्न ८. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए-**

जी खट्टा होना, बाएँ हाथ का खेल, खून-पसीना एक करना, कमर कसना, आँख दिखाना

**प्रश्न ९.** हिन्दी (भारतीय) महीनों के नाम याद करें व लिखें।

**प्रश्न १०. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए-**

अम्मा, मशहूर, लापता, प्रांतो, नृत्य, जश्न, श्रम -संचित, अपलक, भयभीत, ख्याति

**प्रश्न ११.** पाठ - **बेशकीमती तोहफा** का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

**प्रश्न १२. नीचे दिए गए प्रत्येक शब्द के पांच - पांच वाक्य बनाएं-**

श्यामपट, पर्यावरण, अद्भुत, लालसा, राजकुमार, त्याग, फ़सले, त्योहार, असुर, माँ

**प्रश्न १३.** प्रतिदिन 10 कठिन शब्द अपनी रिमझिम व तारिणी पुस्तक से छांटकर अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १४.** प्रतिदिन एक पृष्ठ सुलेख अपनी अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १५**. प्रतिदिन हिंदी अखबार पढ़ें व उसमें से (आ से अः)एक मात्रा के 10 शब्द छांट कर अवकाश पुस्तिका में लिखें।

* रोल न. 1 से 5 तक कविता खिलौनेवाला , रोल न. 6 से 10 तक कविता -पुत्र का प्रण चार्ट पेपर पर चित्र सहित बनाएं।

* हिंदी साहित्य / व्याकरण पुस्तिका व पुस्तक में कराया गया समस्त कार्य याद करें व रफ कॉपी में लिखकर अभ्यास करें।

**प्रश्न १६. कविता "खिलौनेवाला" या "पुत्र का प्रण"** लिखिए तथा १२ पंक्तियाँ याद भी कीजिए।

**प्रश्न १७. 'कबीर दास जी'** के ५ दोहे व ५ सुविचार अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न १८**. गर्मी की छुट्टियों में आप जहां घूमने गए वहां के नाम लिखें और वहां के प्रसिद्ध व्यंजनों के नाम लिखें।

**प्रश्न १९**. अपनी मनपसंद पांच कहानियां पढ़ें व उनका सार संक्षेप में अवकाश पुस्तिका में लिखें साथ ही उनसे मिली शिक्षा भी लिखें।

**प्रश्न २०.** रोज घर के सदस्यों की मदद करें व उनके लिए किए गए कार्य की सूची अपनी अवकाश पुस्तिका में लिखें।

**प्रश्न २१**. क्या तुम जानते हो कि **तिल** से तेल बनता है ? और किन चीजों से तेल बनता है और कैसे बनता है ? पता कीजिए और अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न २२.** अपने देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के नाम पता कर सूची तैयार कीजिए।

**प्रश्न २३. दिये गए विषयों में से किसी एक विषय का चार्ट बनाएं-**

दोहे कबीरदास जी के या तुलसीदास जी के, मुहावरे , ऋतुओं के नाम

**नोटः-दिया गया ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य एक अलग पुस्तिका में सुन्दर लिखावट के साथ करें।**